**NEWS CLIPPING:13.05.2021**

# THE TRIBUNE

## RESEARCH COLLABORATION

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has offered research collaboration with local industries to work on their real-time research problems with the aim to promote industry-academic linkage. VC Prof SK Tomar said that the university was keen to develop a research ecosystem where academicians, researchers and industrial practitioners would work together on research and development projects and provide sustainable solutions for industrial development. He said industrial fellowship to industry oriented research projects could be provided with the help of the alumni association. The industrial fellowship will not only provide financial assistance to a research scholar, but add credibility to the research as it will be more practical oriented, he said.

**NEWS CLIPPING:13.05.2021**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में लगभग 143 ने उठाया कोरोना टीकाकरण का लाभ

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए कोविड वैक्सीन कॉर्बेवैक्स तथा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए कोविड वैक्सीन कोविशील्ड तथा कोवैक्सीन का पहला व दूसरा शॉट लगाया गया। इसके अलावा, 18 वर्ष से ऊपर की आयु में बूस्टर डोज भी दी गई। शिविर के दौरान लगभग 143 लोगों को कोविड वैक्सीन का पहला व दूसरा शॉट दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोविड टीकाकरण के छह शिविरों का आयोजित किया जा चुका है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया तथा टीकाकरण में हिस्सा लेते हुए वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाई।

**NEWS CLIPPING:13.05.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## स्टूडेंट्स ने किया प्रिंटिंग प्रेस का दौरा

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी में पत्रकारिता के स्टूडेंट्स ने गुरुवार को एक अखबार की प्रिंटिंग प्रेस का दौरा किया। इस दौरान विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक ने 50 स्टूडेंट्स को अखबार और इससे संबंधित बारीकियों के बारे में बताया।

**NEWS CLIPPING:13.05.2021**

# AAJ SAMAJ

04 आज समाज
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 मई, 2022
एनसीआर

## सेक्टर-16 के कम्युनिटी सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# समाजसेवा में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही महिलाएंः विधायक नरेंद्र गुप्ता



निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य की जांच कराते हुए

सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 के कम्युनिटी सेंटर में महिलाओं की संस्था खुशियों का खजाना, एलायंस क्लब खुशियों का खजाना के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक नरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। इस अववसर पर मेदांता मेडीसिटी गुरुग्राम के डॉक्टरों की टीम ने सैंकड़ों लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। वहीं इस मौके पर निशुल्क बूस्टर डोज भी लोगों को लगाई गई।

कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, निवर्तमान पार्षद छत्रपाल, केजी अग्रवाल मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रवाल सेवा सदन के प्रधान विष्णु गोयल, समाजसेवी श्रीमती सीमा गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम का संयोजन संस्था की प्रधान उमा गर्ग ने किया जबकि उनके साथ मुख्य रूप से संगीता जैन, सरोज गोयल, कमलेश गोयल, राजेश ठाकुर,भी मौजूद रहे। इस शिविर में दधिची देह दान समिति से सुनीता बंसल ने भी लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व एसचीएस बीएस कालीरमन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया और महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाएं भी समाजसेवा में बढ़चढ़ कर भाग ले रही हैं तथा उनकी विधानसभा में ऐसी महिलाओं की संख्या काफी अधिक है जोकि उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य को समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे जांच शिविरों से लोगों को काफी लाभ मिलता है। इस मौके पर लोगों के बीपी, शुगर, ईसीजी, दांत, आंख की जांच के अलावा कार्डियोलॉजी व मेडीसिन कन्सल्टेंसी की सेवा भी उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर आरके गोयल, आरके चिलाना, गिरीश गुप्ता, वीके अवस्थी, डा. सौरभ जैन, डा. एमएल जैन, बलवान शर्मा, आदि भी मौजूद रहे। कैप्शनशियों का खजाना, एलायंस क्लब खुशियों का खजाना के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर से चर्चा करते मुख्य अतिथि विधायक नरेंद्र गुप्ता साथ में विष्णु गोयल, उमा गर्ग, सीमा गुप्ता, छत्रपाल, संगीता जैन, सरोज गोयल, कमलेश गोयल व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहें।

## शिविर में 143 लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई



**फरीदाबाद।** कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए कोविड वैक्सीन कॉर्बेवैक्स तथा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए कोविड वैक्सीन कोविशील्ड तथा कोवैक्सीन का पहला व दूसरा शॉट लगाया गया। इसके अलावा, 18 वर्ष से ऊपर की आयु में बूस्टर डोज भी दी गई। शिविर के दौरान लगभग 143 लोगों को कोविड वैक्सीन का पहला व दूसरा शॉट दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोविड टीकाकरण के छह शिविरों का आयोजित किया जा चुका है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसके तोमर ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया तथा टीकाकरण में हिस्सा लेते हुए वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ के उत्तर क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख कृष्ण सिंघल तथा अरुण वालिया भी उपस्थित थे। कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र एवं भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया। टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि कोविड संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कारगर कदम उठाये जा रहे है, जिनका लाभ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की टीकाकरण नीति के अंतर्गत सभी नागरिकों को नि:शुल्क कोविड-19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही कोविड संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी समाधान है। इसलिए, प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी के साथ टीकाकरण में हिस्सा लेना चाहिए और टीकाकरण अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कोविड टीकाकरण के साथ-साथ मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे उपयुक्त व्यवहार का पालन करें।